# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
## निविदा सूचना (द्वितीय)

क्रमांक 2035/22/2025/भण्डार इन्दौर, दिनांक 07 MAY 2026

म.प्र लोक सेवा आयोग में समय–समय पर लगने वाली **विविध प्रकार की सामग्री** प्रदाय हेतु वार्षिक अनुबंध किये जाने के लिए पंजीकृत संस्थाओं से द्वि–निविदा प्रणाली से ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in तथा https://mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, जिसका शुल्क रूपये 500/– https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना अनिवार्य है। निविदा ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | कार्य का विवरण | वार्षिक अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी (निविदा प्रतिभूति) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | म.प्र लोक सेवा आयोग को समय–समय पर लगने वाली विविध प्रकार की सामग्री– क्राकरी, चाय सामग्री, सफाई सामग्री, गार्डन सामग्री, विद्युत सामग्री, बुके, ताले आदि प्रदाय हेतु। | 6,00,000/– | 18,000/– | 500/– | कार्यादेश दिनांक से एक वर्ष के लिए |

**ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने हेतु तिथियों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| स.क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | 12/05/2026 | दोपहर 03:00 |
| 02 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25/05/2026 | सायंकाल 05:30 बजे तक |
| 03 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25/05/2026 | सायंकाल 05:30 बजे तक |
| 04 | प्री– बिड मिटिंग करने हेतु तिथि एवं समय | 20/05/2026 | दोपहर 12:00 |
| 05 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय | 26/05/2026 | दोपहर 03:00 |

**नोट :–**

**01.** निविदा प्राप्ति की तिथि व समय में अवकाश घोषित होने पर भी परिवर्तन नही होगा। यदि निविदा की तकनीकी बिड व वित्तीय बिड खोलने के लिए निर्धारित तिथि को यदि अपरिहार्य कारणों से अवकाश घोषित किया जाता है, तो संबंधित निविदाएँ अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जावेगी।

**02.** प्री–बिड में उपस्थित होने वाले निविदाकारों की ही निविदा संबंधी प्री–बिड Queries केवल ई–मेल secretarypsc-mp@nic.in पर स्वीकार की जाएगी। प्री–बिड हेतु निर्धारित तिथि को शाम 5:00 बजे तक मेल के माध्यम से प्राप्त प्री–बिड Queries ही स्वीकार की जाएगी।

उपसचिव
म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी एरिया, डेली कॉलेज रोड़, इन्दौर
दूरभाषः– 2701624, 2701983, Fax :- 2701079, 2700406

म.प्र लोक सेवा आयोग में समय–समय पर लगने वाली विविध प्रकार की सामग्री प्रदाय हेतु वार्षिक अनुबंध किये जाने के लिए पंजीकृत संस्थाओं से द्वि–निविदा प्रणाली से ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते आयोग की वेबसाईट www.mppsc.mp.gov.in तथा https://mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आयोग की वेबसाईट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रदर्शित है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

| सं.क. | कार्य का विवरण | वार्षिक अनुमानित लागत | अर्नेस्ट मनी (निविदा प्रतिभूति) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | म.प्र लोक सेवा आयोग को समय–समय पर लगने वाली विविध प्रकार की सामग्री– क्राकरी, चाय सामग्री, सफाई सामग्री, गार्डन सामग्री, विद्युत सामग्री, बुके, ताले आदि प्रदाय हेतु। | 6,00,000/– | 18,000/– | 500/– | कार्यादेश दिनॉक से दो वर्ष के लिए |

**(2). निविदाकर्ताओं के लिए अनुदेश तथा ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :–**

**2.1** **निविदा ऑनलाईन पोर्टल** – https://mptenders.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा प्रतिभूति की राशि रूपये **18,000/–** (अक्षरी रूपये अठ्ठारह हजार मात्र) ऑनलाईन पोर्टल– https://mptenders.gov.in के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है। यदि निविदाकर्ता द्वारा प्रतिभूति व निविदा शुल्क की राशि नियमानुसार जमा नहीं की जाती है, तो उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। नगद राशि स्वीकार नहीं की जावेगी अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी। किसी भी परिस्थिति में निविदा शुल्क वापस नहीं किया जावेगा।

**2.2** ऑनलाईन निविदा निम्नानुसार PDF FILE में जमा करना आवश्यक है :–
प्रथम PDF FILE में आयोग द्वारा निर्धारित तकनीकी प्रारूप प्रपत्र–1 में तकनीकी प्रस्ताव तथा चेक लिस्ट अनुसार हस्ताक्षर व पदमुद्रा सहित समस्त दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र होना आवश्यक है तथा PDF FILE का Title **"तकनीकी बिड–म.प्र. लोक सेवा आयोग में विभिन्न सामग्री प्रदाय हेतु निविदा"** लिखना अनिवार्य है।

a) **वित्तीय निविदा ऑनलाईन पोर्टल**– https://mptenders.gov.in के माध्यम से नियमानुसार निर्धारित प्रदत्त **प्रारूप–5 अनुसार** Excel file में जमा किया जाना आवश्यक है।

**2.3** सभी निविदा दस्तावेज एवं वित्तीय निविदा दिनांक **25/05/2026** को सायंकाल 5:30 बजे तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन पोर्टल https://mptendersgov.in के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई भी निविदा मान्य नहीं की जावेगी।

**2.4** तकनीकी मूल्यांकन में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी। वित्तीय बिड खोलने का दिनांक व समय निविदाकारों को पृथक से सूचित किया जायेगा। **(तकनीकी प्रपत्र–1)**

**2.5** वित्तीय निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार की ओवर राइटिंग/कांट–छांट/परिवर्तन होने पर निविदा स्वीकार नही की जायेगी अन्य प्रपत्रों में कांट–छांट या ओवर राइटिंग होने पर हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा होना आवश्यक होगा।

**2.6** निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् निविदा स्वीकृति की सूचना दिये जाने पर सफल निविदाकारं को 15 दिवस के भीतर परफॉरमेंस गारंटी के रूप में संविदा के वार्षिक मूल्य की 03 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी. के रूप में प्रस्तुत करना होगी व अनुबंध करना होगा। (पृथक–पृथक सामग्री हेतु पृथक–पृथक निविदाकारों से अनुबंध करने की स्थिति में नियमानुसार आयोग द्वारा निर्धारित निष्पादन प्रतिभूति अनुबंधकर्ता को जमा कर अनुबंध करना होगा।) यह एफ.डी. वैधानिक बाध्यताओं यथा निविदा शर्तों व आपूर्तिकर्ता की सभी संविदाकृत बाध्यताओं के पूरा होने की तारीख के बाद 60 दिन की अवधि तक के लिए वैध होना आवश्यक है एवं जब तक उसके लंबित बिलों का निपटान नही हो जाता तब तक के लिये आयोग के पास जमा रहेगी। इस राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। यदि सफल निविदाकार समयावधि/निर्धारित अवधि में उक्त शर्तो का पालन करने में असफल रहता है तो उसके द्वारा जमा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जावेगी एवं निविदा निरस्त कर दी जायेगी। निष्पादन प्रतिभूति प्राप्त होने पर सफल निविदाकार की निविदा प्रतिभूति लौटा दी जावेगी।

**2.7** निविदा की शर्ते अनुबंध का अभिन्न अंग होगी। निविदा के नवीनीकरण की स्थिति में परफॉरमेंस गारंटी का नवीनीकरण किया जाना होगा। अनुबंध रू. 1000/– रूपये के नॉन ज्यूडीशियल स्टॉम्प पर किया जावेगा जिसका व्यय सफल निविदाकार द्वारा वहन किया जावेगा। समयावधि में निष्पादन प्रतिभूति जमा न करने व अनुबंध न करने की स्थिति अथवा अन्य स्थिति में निविदा निरस्त होने पर द्वितीय न्यूनतम दर प्रदाता को एल–1 की दरों पर सेवा का आदेश दिया जा सकेगा। द्वितीय न्यूनतम दर प्रदाता द्वारा इंकार करने पर तृतीय न्यूनतम दर प्रदाता निविदाकार को प्रथम घोषित न्यूनतम दरों एल–1 पर सेवाएँ देने का अवसर प्रदान किया जा सकेगा। यही प्रक्रिया अनुबंध निरस्त करने पर भी हो सकेगी।

**2.8** निविदा प्रपत्र तथा प्रमाण पत्र आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में (शब्दसः हिन्दी में) ही प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी। निविदा शर्तों के अनुसार अथवा संलग्न प्रारूप में नहीं भरी होने पर अथवा अधूरें भरे हुये निविदा प्रपत्र मान्य नही किए जायेगें।

**2.9** तकनीकी रूप से अर्ह निविदाकारों को सूचना दिए जाने पर सामग्री के नमूने वित्तीय समिति के अवलोकन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। वित्तीय समिति द्वारा दरों की तुलना के साथ ही नमूने के अवलोकन उपरांत गुणवत्ता के आधार पर भी एल–1 दरों का निर्धारण किया जा सकेगा।

**2.10** निविदाकारो द्वारा प्रस्तुत दरो के अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री के नमूनों की गुणवत्ता के आधार पर तुलना उपरांत एल–1 दरों के निर्धारण हेतु वित्तीय समिति स्वतंत्र रहेगी एवं आयोग द्वारा स्वीकुत एल–1 दरे सभी निविदाकारों को मान्य की जाना होगी। किसी भी निविदाकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

**2.11** वित्त निविदा मे प्राप्त किसी सामग्री की दरों में भ्रम/अस्पष्टता/विवाद आदि की स्थिति में सचिव लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा एवं ऐसी सामग्री को निविदा से पृथक कर शेष सामग्री हेतु अनुबंध किया जा सकेगा।

**2.12** निविदाकार के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो की छायाप्रतियां अस्पष्ट होने पर मूल दस्तावेजो का अवलोकन किया जा सकता है यदि कोई दस्तावेज अस्पष्ट अथवा अपठनीय रहता है तो संबंधित निविदाकार को स्पष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

**2.13** निविदाकार द्वारा प्रमाणीकरण हेतु प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों प्रमाण–पत्रों का सक्षम/जारीकर्ता प्राधिकारी से सत्यापन करवाया जा सकेगा। परीक्षण पश्चात दस्तावेजों में कोई असत्य जानकारी पाई जाती है, तो निविदाकर्ताओं की धरोहर/प्रतिभूति राशि अथवा अन्य देय राशि जप्त की जाकर उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जावेगी व निविदा/अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा।

**2.14** निविदाकर्ता द्वारा संस्थान की पदमुद्रा सहित स्वसत्यापित प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियॉ ही संलग्न की जावे, अन्यथा निविदा अमान्य कर दी जावेगी।

**2.15** सभी दस्तावेज वैध होना आवश्यक है।

**2.16** ई–निविदा प्रपत्र में समस्त जानकारी भरना, प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर तथा मोहर लगाना एवं प्रमाणपत्रों की स्वसत्यापित प्रतियां अप़लोड किया जाना आवश्यक होगा। इसके अभाव में ई–निविदा को अमान्य किया जायेगा।

**2.17** अपूर्ण एवं सशर्त ई–निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**2.18** ई–निविदा स्वीकृत हो जाने के उपरांत अनुबंधकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी कि कार्य निर्बाध रूप से निरंतर चलता रहे। किसी भी तरह के विलम्ब अथवा रूकावट के लिये उसे कोई भी भुगतान नही किया जायेगा, एवं प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी।

**2.19** अनुबंधकर्ता यदि कोई सामग्री यथासमय नहीं ला सके तो उसकी व्यवस्था स्थानीय बाजार से कराये जाने के कारण अतिरिक्त व्यय की वसूली अनुबंधकर्ता से की जावेगी।

**2.20** संतोषजनक सेवाऐं प्रदाय ना करने अथवा ई–निविदा शर्तों का उल्लंघन करने की स्थिति में जमा की गयी प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

**2.21** निविदाकर्ता/अनुबंधकर्ता के किसी कृत्य से कार्यालय को हुई क्षति की पूर्ति हेतु प्रतिभूति राशि रोक ली जावेगी।

**2.22** कार्य अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परिस्थितियों में मूल्य वृद्धि देय नहीं होगी।

**2.23** कार्य करने के दौरान किसी भी दुर्घटना का उत्तरदायित्व इस कार्यालय का ना होकर संबंधित निविदाकार/अनुबंधकर्ता का होगा।

**2.24** यह ई–निविदा आयोग के अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के सुचारू रूप से संपादित किये जाने के लिए जारी की गई है। सामग्री में कमी या वृद्धि करने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

**2.25** आयोग को लगने वाली सामग्री प्रदाय किये जाने में असमर्थता व्यक्त किये जाने की दशा में संबंधित निविदाकार/अनुबंधकर्ता की प्रतिभूति की राशि राजसात कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उसे ब्लैक लिस्ट घोषित किया जा सकेगा।

**2.26** ई–निविदा स्वीकृत होने के पश्चात आवश्यकता पडने पर निविदाकार को किसी भी समय सामग्री प्रदाय करने के निर्देश दिये जा सकते हैं। निविदाकार सामग्रियों को प्रदाय करने के लिये बाध्य होगा। निविदाकार/अनुबंधकर्ता को ऐसी व्यवस्था करनी होगी कि उससे 24 घंटे किसी भी समय सम्पर्क किया जा सके।

**2.27** सफल निविदाकार की न्यूनतम दरों का सक्षमतानुसार आंकलन करते हुए कार्य एक से अधिक निविदाकारों को भी दिया जा सकता है। निविदाकारों द्वारा कार्य नहीं करने अथवा तात्कालीन आवश्यकतानुसार गैर निविदाकारों से भी स्वीकृत न्यूनतम दर पर क्रय किया जा सकता है।

**2.28** निविदाकारों की सामग्री के नमूने के अवलोकन/आकलन हेतु नमूने की मांग करने पर निर्धारित समय में निविदाकार को हस्ताक्षरित नमूने आयोग में जमा करने होंगे, अन्यथा निविदा अमान्य की जा सकेगी।

**2.29** सफल निविदाकार के द्वारा प्रस्तुत नमूने आयोग मे सुरक्षित रखे जा सकते है। असफल निविदाकार के नमूने निविदा की कार्यवाही पूर्ण होने अथवा निरस्त होने पर जमाकर्ता निविदाकार को वापस कर दिए जाएगे।

**2.30** सफल निविदाकार/अनुबंधकर्ता द्वारा सामग्री प्रदाय में असमर्थता व्यक्त किये जाने पर आयोग एल–1 की दरों पर ई–निविदा में शामिल निविदाकार व अन्य किसी भी संस्था से क्रय हेतु पूर्णतः स्वतंत्र होगा। इस हेतु किसी भी व्यक्ति/संस्था/भावपत्र आमंत्रण में शामिल निविदाकार द्वारा किसी प्रकार की आपत्ति नहीं ली जा सकेगी।

**2.31** उपरोक्तानुसार सामग्री हेतु आमंत्रित भावपत्र ई–निविदा किसी समय निरस्त करने अथवा पुनः ई–निविदा आमंत्रित करने का पूर्ण अधिकार आयोग के पास सुरक्षित होगा।

**2.32** निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दर सभी कर आदि सहित भरी जाएगी। जीएसटी व किसी प्रकार का कर या भाडा आदि का भुगतान पृथक से नही किया जायेगा।

**2.33** ई–निविदा की किसी शर्त आदि का उल्लंघन पाये जाने पर ई–निविदा/अनुबंध निरस्त किया जा सकेगा एवं नवीन ई–निविदा का पूर्ण अधिकार सचिव म.प्र. लोक सेवा आयोग को होगा, जिसमें निविदाकर्ता/अनुबंधकर्ता को किसी आपत्ति का अधिकार नहीं होगा।

**2.34** गुण–दोष के आधार पर बिना कोई कारण बताये निविदाओं को स्वीकृत–अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग का होगा। किसी भी विवाद के निराकरण हेतु न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।

(3) <u>संविदा की शर्तें तथा अपेक्षाओं की अनुसूचीः–</u>

3.1 नगर निगम का पंजीकरण/गुमास्ता की स्वहस्ताक्षरित प्रति अपलोड करना **अनिवार्य है।**

3.2 जी.एस.टी. पंजीकरण की स्वहस्ताक्षरित प्रति अपलोड करना **अनिवार्य है।**

3.3 निविदाकार संस्था के पेन कार्ड की स्वसत्यापित छायाप्रति

3.4 तकनीकी प्रपत्र **अनिवार्य है। (प्रपत्र–1 शब्दसः संलग्न प्रारूप मे ही प्रस्तुत करें )**

3.5 प्रत्येक निविदाकार अपने व्यवसाय से संबंधित सक्षमता के लिये पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) का सीए द्वारा सी.ए. के लेटर हेड पर **प्रपत्र–2** में जारी टर्नओवर प्रमाण पत्र तथा आयकर विवरणी की प्रति अपलोड करना होगें, निविदाकार का पिछले तीन वर्षो का औसत वार्षिक टर्नओवर राशि रूपये 50 लाख या अधिक होना आवश्यक है। **(प्रपत्र–2 शब्दसः संलग्न प्रारूप मे हिन्दी में ही प्रस्तुत करें)**

3.6 शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य है। **(प्रपत्र–4 शब्दसः संलग्न प्रारूप मे ही प्रस्तुत करें )**

3.7 निविदाकार संस्था के ब्लैक लिस्ट एवं न्यायालयीन वाद नहीं होने संबंधी घोषणा पत्र अनिवार्य है। **(प्रपत्र–3 शब्दसः संलग्न प्रारूप मे ही प्रस्तुत करें )**

3.8 निविदाकार को किसी केन्द्रीय अथवा राज्य के शासकीय कार्यालय से निविदत्त कार्य के समान कार्य का एक वर्ष (निविदा दिनांक से पिछले तीन वर्षो में से न्यूनतम एक वर्ष अवधि) का अनुभव प्रमाण–पत्र/कार्य संतुष्टि प्रमाण–पत्र (जिससे संस्था द्वारा न्यूनतम एक वर्ष सेवा प्रदाय करना प्रमाणित हो) प्रस्तुत करना होगा।

3.9 सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा में कोई फेरबदल मान्य नही होगा। निविदा खोले जाने की दिनांक से 180 दिनों के लिए वैध होगी। जिसे निविदाकारों की सहमति से आगे बढाया जा सकेगा।

(4) <u>दण्डात्मक निर्देश :–</u>

अनुबंधित संस्था के कार्य निष्पादन का सतत पर्यवेक्षण किया जावेगा तथा संतोषजनक होने पर अनुबंध निरंतरित व भुगतान किया जावेगा। अनुबंधकर्ता द्वारा निविदा व अनुबंध में दर्शित शर्तो का उल्लंघन किये जाने पर अथवा निर्धारित सेवाओं का प्रदाय न किये जाने पर अथवा सेवाऍ निर्धारित गुणवत्ता अनुरूप न पाये जाने पर अथवा संस्था के कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार, कार्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा गोपनीयता भंग किये जाने पर अथवा आयोग के दिशा–निर्देशों का पालन न करने पर आयोग द्वारा अनुबंधित संस्था पर निम्न कार्यवाही की जा सकेगी –

a) रूपये न्यूनतम 2,000/– से अधिकतक 10,000/– तक का दण्ड अधिरोपण।

b) अनुबंध निरस्त करना तथा परफॉरमेंस गांरटी राजसात करना।

c) ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करना।
दण्ड अधिरोपित किये जाने के पूर्व कारण बताओ नोटिस दिया जावेगा।
दण्ड और क्षतिपूर्ति की राशि देयक से वसूल की जावेगी अथवा चालान/डी.डी. के माध्यम से वसूल की जावेगी अथावा परफॉमेंस गांरटी की जमा राशि से काट ली जावेगी, जिसकी प्रतिपूर्ति 15 दिवस के अंदर करना होगी।

d) वर्ष में 3 बार से अधिक दण्ड अधिरोपित किये जाने पर निम्नानुसार कार्यवाही की जा सकेगी :–

1. अनुबंध निरस्त करना तथा परफॉमेंट गांरटी राजसात करना।
2. ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करना।

(5) <u>भुगतान प्रक्रिया :–</u>

5.1 भुगतान ई–पेमेंट के माध्यम से किया जायेगा। देयक का सत्यापन आयोग के दिशा–निर्देशों की प्रक्रिया अनुरूप किया जावेगा।

5.2 नियमानुसार TDS एवं GST कटोत्रा किया जावेगा।

5.3 किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा।

5.4 भुगतान प्रक्रिया आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार की जावेगी।

5.5 कार्य उपरांत अधिकतम 5 कार्य दिवस में देयक 02 मूल प्रति में हस्ताक्षर व पद्रमुद्रा सहित प्रस्तुत करना होगा। उक्त समय अवधि के बाद भुगतान प्रक्रिया की जाना आयोग के लिए बंधनकारी नहीं होगा।

(6) <u>निविदा चयन का आधार</u> :–

6.1 तकनीकी रूप से अर्ह निविदाकारों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। तकनीकी रूप से अर्ह निविदाकारों को सूचना दिए जाने पर सामग्री के नमूने वित्तीय समिति के अवलोकन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। वित्तीय समिति द्वारा दरों की तुलना के साथ ही नमूने के अवलोकन उपरांत गुणवत्ता के आधार पर भी एल–1 दरों का निर्धारण किया जा सकेगा।

6.2 निविदाकारो द्वारा प्रस्तुत दरो के अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री के नमूनों की गुणवत्ता के आधार पर तुलना उपरांत एल–1 दरों के निर्धारण हेतु वित्तीय समिति स्वतंत्र रहेगी एवं आयोग द्वारा स्वीकृत एल–1 दरे सभी निविदाकारों को मान्य की जाना होगी। किसी भी निविदाकार की आपत्ति मान्य नही होगी।

6.3 वित्त निविदा मे प्राप्त किसी सामग्री की दरों में भ्रम/अस्पष्टता/विवाद आदि की स्थिति में 'सचिव लोक सेवा आयोग, इन्दौर' का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा एवं एसी सामग्री को निविदा से पृथक कर शेष सामग्री हेतु अनुबंध किया जा सकेगा।

6.4 वित्तीय निविदा निर्धारित BOQ में मान्य की जावेगी। पृथक–पृथक सामग्री हेतु पृथक–पृथक निविदाकार की दर एल–1 होने पर एक से अधिक निविदाकार से अनुबंध किया जा सकेगा।

6.5 वित्तीय निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार की ओवर राईटिंग/कांट–छांट/परिवर्तन/संशोधन होने पर निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

(7) <u>विवाद का निपटारा</u> :–

7.1 विवाद की स्थिति में सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर का निर्णय अंतिम व बंधनकारी रहेगा व न्याय क्षेत्र इन्दौर होगा।

7.2 परिणामी संविदा की व्याख्या भारतीय कानून के तहत की जावेगी।

7.3 किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में निष्पक्ष आर्बिट्रेटर नियुक्त करने का अधिकार सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग का होगा।

(8) <u>अनुबंध की अवधि</u> –

8.1 यधपि अनुबंध की अवधि कार्यादेश के दिनांक से एक वर्ष की होगी तथापि सेवायें संतोषजनक पाये जाने तथा अनुबंध की शर्तो का संतोषजनक पालन करने की स्थिति में यदि सक्षम अधिकारी उचित समझते है तो उभयपक्षीय सहमति के आधार पर आयोग द्वारा पूर्व में निर्धारित (अंनुबंधित) दरों व शर्तो पर अधिकतम 01 वर्ष अनुबंध बढाया जा सकेगा। इसके साथ ही नई निविदा स्वीकृत होने व कार्यादेश जारी होने तक सेवाप्रदाता को पूर्व शर्तों व दरों पर कार्य करना होगा।

8.2 निविदाकार द्वारा अनुबंध की शर्तो, समय–समय पर जारी होने वाले शासकीय व आयोग के नियमों, अधिनियमों एवं कर प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की

स्थिति में अनुबंध समाप्त करने की स्थिति में आयोग के पास जमा समस्त राशि राजसात कर ली जायेगी तथापि निविदाकार शासन/आयोग के प्रति अपने दायित्वों से मुक्त नहीं होगा।

**8.3** आयोग द्वारा एक माह पूर्व सूचना देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा। जबकि निविदाकार द्वारा अनुबंध समाप्त करने की स्थिति मे आयोग को 03 माह पूर्व सूचित करना होगा।

**नोटः– सभी निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है की वे अपनी–अपनी निविदा सही प्रकार से स्कैन करके, पढ़ने लायक (Readable) फॉर्मेट में https://mptenders.gov.in पोर्टल पर अपलोड करें। यदि निविदा को सही प्रकार से स्कैन नहीं किया गया है या निविदा दस्तावेज पढ़ने लायक (Readable) फॉर्मेट में नहीं है तो ऐसी निविदा को आयोग द्वारा अस्वीकार कर दिया जावेगा।**

स्टॉफ ऑफिसर
म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर

# तकनीकी प्रपत्र

(निविदाकर्ता अपने स्वयं के लेटर हेड पर निम्न प्रारूप में निविदा प्रपत्रों की शर्तों अनुसार प्रस्तुत करें)

प्रति,

सचिव,
म.प्र. लोक सेवा आयोग,
रेसीडेन्सी एरिया, इन्दौर।

**विषय :– आयोग कार्यालय में समय–समय पर लगने वाली विविध प्रकार की सामग्री प्रदाय हेतु।**

——00——

आयोग कार्यालय में समय–समय पर लगने वाली विविध प्रकार की सामग्री प्रदाय हेतु वार्षिक अनुबंध किये जाने के लिए संलग्न प्रपत्र में अपना निविदा आवेदन सहर्ष प्रस्तुत करता हूँ, जिसकी सभी शर्तें मुझे मान्य है। तकनीकी निविदा निम्नानुसार प्रस्तुत हैं :–

फोटो

**तकनीकी निविदा हेतु आवेदन एवं संलग्न पत्रों का विस्तृत विवरण :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | संस्था का नाम – | | |
| 2 | संस्था का स्थानीय कार्यालय का पुरा पता – | | |
| 3 | संस्था प्रमुख का नाम पुरा नाम व मोबाईल नम्बर – | | |
| 4 | निविदाकर्ता का पुरा नाम व मोबाईल नम्बर – | | |
| 5 | संस्था का टेलिफोन नंबर | | |
| 6 | ई–मेल नम्बर | | |
| | **दस्तावेज का विवरण** | **हॉ/नही** | **संलग्न पेज नम्बर अनिवार्य** |
| 7 | <u>**ऑनलाइन जमा का विवरण:–**</u><br>1-निविदा शुल्क राशि रू. 500/– जमा का Transaction ID & Date<br>2. निविदा प्रतिभूति राशि **रू. 18,000/–** जमा का Transaction ID & Date | | संलग्न पेज न. ............ से ..............<br>संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 8 | संस्था के स्थापना का जीवित पंजीयन | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 9 | पेन नंबर (पेन कार्ड की छायाप्रति) | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 10 | आधार नंबर (आधार कार्ड की छायाप्रति) | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | जी.एस.टी. नम्बर एवं जीएसटी का जीवित पंजीयन | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 12 | संस्था का बैंक विवरण<br>खाता नम्बर,<br>बैंक आई.एफ.एस.सी. कोड़,<br>बैंक का नाम एवं शाखा का नाम– | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 13 | 3 असेसमेन्ट वर्ष के आयकर रिटर्न – | | |
| | वित्तीय वर्ष 2022–23 (असेसमेंट वर्ष 2023–24) | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| | वित्तीय वर्ष 2023–2024 (असेसमेंट वर्ष 2024–25) | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| | वित्तीय वर्ष 2024–2025 (असेसमेंट वर्ष 2025–26) | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 14 | प्रत्येक निविदाकार अपने व्यवसाय से संबंधित सक्षमता के लिये पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) का सीए द्वारा सी.ए. के लेटर हेड पर आयोग के **प्रपत्र–2** में शब्दशः हिन्दी में जारी टर्नओवर प्रमाण पत्र तथा आयकर विवरणी की प्रति अपलोड करना होगें, निविदाकार का पिछले तीन वर्षों का औसत वार्षिक टर्नओवर राशि रूपये 10 लाख या अधिक होना आवश्यक है।<br>**प्रपत्र–2 मे शब्दशः प्रस्तुत करें।** | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 15 | निविदाकार फर्म को शास्ति/दण्ड/ब्लैक लिस्टेड/न्यायालयीन वाद के संबंध में घोषणा–पत्र<br>**प्रपत्र–3 मे शब्दशः प्रस्तुत करें।** | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 16 | शपथ–पत्र **प्रपत्र–4 मे शब्दशः प्रस्तुत करें।** | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 17 | निविदाकार को किसी केन्द्रीय अथवा राज्य के शासकीय कार्यालय से निविदत्त कार्य के समान कार्य का एक वर्ष (निविदा दिनांक से पिछले तीन वर्षो में से एक वर्ष अवधि) का अनुभव प्रमाण–पत्र/कार्य संतुष्टि प्रमाण–पत्र (जिससे संस्था द्वारा न्यूनतम एक वर्ष सेवा प्रदाय करना प्रमाणित हो) प्रस्तुत करना अनिवार्य है। | | संलग्न पेज न. ............ से .............. |
| 18 | नगर निगम का पंजीकरण/गुमास्ता की स्वहस्ताक्षरित प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। | | |

**नोट–** उपरोक्त समस्त प्रमाण–पत्र व अभिलेख निविदा शर्तों अनुरूप तथा वैध एवं जीवित होना चाहिए एवं पद मुद्रा सहित स्वअभिप्रमाणित, होना चाहिए अन्यथा निविदा अमान्य/निरस्त कर दी जाएगी।

## घोषणा

मैं/हम सत्यनिष्ठा से घोषणा करते हैं कि उपर्युक्त दी गई जानकारी सत्य है। असत्य पाये जाने पर हमारे विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही किए जाने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा। प्रश्नाधीन निविदा में संबंधित कार्य की सेवाऐं देने हेतु हम विधिक रूप से सक्षम है। वांछित दस्तावेजों की सूची संलग्न है।

**स्थान** .................
**दिनांक** .............

**हस्ताक्षर** ————————
**निविदाकर्ता का नाम** ————————
**संस्था की सील** ————————

## प्रपत्र –2

### अंकेक्षित लेखों का सारांश (वर्ष 2025–26 के पूर्व के तीन वर्षो का)
### (सी.ए. के लेटर हेड पर प्रस्तुत करें)

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स.................................................पता.......................................................
....................................................के विगत तीन वर्षो के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जॉच मेरे द्वारा की गई है। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य का आवर्त (टर्नओवर) इस प्रकार है :–

| क्र. | वर्ष | राशि (अंको में) रूपये में | राशि (शब्दों में) रूपये में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2022–23 | | |
| 2 | 2023–24 | | |
| 3 | 2024–25 | | |
| 4 | औसत | | |

टीप :– शब्दों एवं अंको में राशि में अंतर होने पर शब्दों की राशि को प्रमाणिक माना जाएगा।

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई है। जिसे मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर की निविदा शर्तो के अनुसार वांछित शर्त के रूप में मैं प्रमाणित करता हूँ।

हस्ताक्षर

दिनांक :............................

स्थान :..............................

चार्टर्ड लेखाकार का नाम :.................................

**UDIN NO.**

फर्म की पदमुद्रा :.........................................................

## प्रपत्र –3

## घोषणा पत्र

## (ब्लैक लिस्ट एवं न्यायालयीन वाद नहीं होने के संबंध में)

## संस्था के लेटर हेड पर

मैं——————————————————आत्मज—————————————————— मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा विभिन्न सामग्री प्रदाय हेतु आमंत्रित निविदा में निविदाकार हूँ। मैं यह घोषित करता हूँ कि हमारी संस्था को विगत तीन वर्षों में किसी भी संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट लिस्टेड नहीं किया गया है और ना ही किसी न्यायालय में संस्था के गठन या कार्यो के संबंध में कोई वाद लंबित है।

स्थान–

दिनांक–

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम :................................................

पदनाम...............................................

पदमुद्रा :.................................

**<u>प्रपत्र–4</u>**

**<u>शपथ पत्र का प्रारूप</u>**

**<u>(रू. 100/– के गैर न्यायिक मुद्रांक/नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)</u>**

मैं .................................................पुत्र/पुत्री ..................................उम्र ..................पता .......................................... शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूँ कि :–

1. मैं निविदाकर्ता संस्था ......................................................................................... (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ................................................. (एकल/स्वामी/साझेदार/संचालक/मैंनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूँ तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता .................................... है।

2. मैंने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्ते मुझे तथा मेरी संस्था को मान्य है।

3. निविदा में वर्णित सभी कार्यो को सम्पादित करने के लिये मेरे/मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियॉ पंजीकरण तथा स्वीकृतियॉ प्राप्त है।

4. मेरे/मेरी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई सभी जानकारी पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित है किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा/अनुबंध निरस्त की जा सकती है तथा हमारे द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि एवं परफॉरमेंस गांरटी आयोग द्वारा जब्त की जा सकेगी।

5. मेरी संस्था ई.एस.आई., ई.पी.एफ. एवं जी.एस.टी. व अन्य से संबंधित किसी भी प्रकरण में न्यायालय से दंडित नहीं है और ना ही किसी संस्था आदि में प्रकरण विवादित है अथवा चल रहा है। संस्था के विरूद्ध पुलिस थाने मे कोई प्रकरण दर्ज नहीं है/संस्था के विरूद्ध विवादित प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है/निरंक है।

शपथगृहीता

स्थान ........................ नाम ..................................................................

दिनांक........................ पता...................................................................

**<u>सत्यापन</u>**

मैं निविदाकर्ता...,............................................... (फर्म/कम्पनी/संस्था का नाम)................................................ (एकल/स्वामी/साझेदार/संचालक/मैंनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूँ । मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित कं. 1 से लेकर 5. तक किये गये कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य तथा प्रमाणित है।

शपथगृहीता

स्थान ........................ नाम ..................................

दिनांक........................ पता...................................

1. गवाह के हस्ताक्षर.....................................................नाम पता.............................................................
2. गवाह के हस्ताक्षर..................................................... नाम पता.............................................................

प्रपत्र-5

आयोग कार्यालय में लगने वाली विभिन्न सामग्री प्रदाय के वार्षिक अनुबंध हेतु वित्तीय निविदा

| क्र. | समग्री का नाम विवरण सहित | मात्रा | सभी कर/प्रभार/ जी.एस.टी./ भाडा सहित दर |
|---|---|---|---|
| 01 | फिनाइल ब्राण्डेड (5 ली. केन में ) | प्रति केन | |
| 02 | टायलेट क्लीनर ब्लू ब्राण्डेड (750 एम.एल पैक) | प्रति पैक | |
| 03 | फिनायल गोलियां सफेद (500 ग्राम पैकेट) | प्रति पैकेट | |
| 04 | फूल झाडू सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 05 | सींक झाडू सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 06 | सड़क झाडू डण्डे वाली सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 07 | सड़क झाडू हत्थे वाली सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 08 | पोंछा कपडा 24X24 इंच सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 09 | डस्टीग कपडा सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 10 | पोंछा डण्डे वाला (24 इंच) ड्रायमोप सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 11 | पोंछा डण्डे वाला वेटमोप सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 12 | वायपर बडा सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 13 | सर्फ पैकेट ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी | 500 ग्राम | |
| 14 | एयर फ्रेशनर टिकिया ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी (12 नग पैकेट ) | प्रति पैकेट | |
| 15 | हैण्डवाश ब्राण्डेड सुपर क्वालिंटी 200 एम.एम. पम्प बाटल | प्रति नग | |
| 16 | हैण्ड्वाश ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी 750 एम.एल. पाउच | प्रति नग | |
| 17 | मॉस्किटो रिफिल ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 18 | मॉस्किटो कम्पलीट (मशीन एवं रिफिल) ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 19 | ग्लास क्लिनर लिक्विट स्प्रे-750 एम.एल. ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 20 | हैण्डवॉस बार ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी 100 ग्राम | प्रति नग | |
| 21 | बर्तन बार ब्राण्डेड सुपर क्वालिटी 100 ग्राम | प्रति नग | |
| 22 | बाथरूम मंग मिडियम (प्लास्टिक) सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 23 | बाथरूम बाल्टी छोटी (प्लास्टिक) 5 लिटर सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 24 | बाथरूम बाल्टी मिडियम (प्लास्टिक) 20 लिटर सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबीन (प्लास्टिक) 5 लिटर सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 26 | डस्टबीन ठक्कन वाला (प्लास्टिक) 60 लिटर सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 27 | सुपडी प्लास्टिक (मिडियम साईज) सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | सुपडी SS (मिडियम साईज) सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 29 | डोरमेट रबर ग्रीप वाला सुपर क्वालिटी | प्रति स्के. फिट | |
| 30 | टाॅयलेट ब्रश मिडियम साईज | प्रति नग | |
| 31 | Touch soap Dispenser | प्रति नग | |
| 32 | रूम फ्रेशनर ब्राण्डेड 250 एम. एल. स्प्रे सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 33 | **Air Revitalisor (Air Humidifier Revitalisor Freshener)** मशीन | प्रति नग | |
| 34 | **Air Revitalisor** रिफिलिंग लिक्विट | प्रति लीटर | |
| 35 | माॅस्किओ स्प्रे ब्राण्डेड 250 एम. एल. सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 36 | गुलदस्ता (बुके) छोटा सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 37 | गुलदस्ता (बुके) मिडियम सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 38 | गुलदस्ता (बुके) बड़ा सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 39 | ताला बडा 7 लीवर बडी कड़ी 65mm | प्रति नग | |
| 40 | ताला छोटा 7 लीवर बडी कड़ी 60mm | प्रति नग | |
| 41 | घडी/रिमोट सेल **AAA** सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 42 | घडी/रिमोट सेल **AA** सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 43 | रिमोट सेल 12V **A** 23 सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 44 | दिवार घड़ी छोटी सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 45 | दिवार घड़ी बडी सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 46 | कप-प्लेट सेट (6 कप 6 प्लेट सेट बोन चायना) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 47 | प्लेट छोटी साईज (6 प्लेट सेट बोन चायना) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 48 | प्लेट मिडियम साईज (6प्लेट सेट बोन चायना) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 49 | प्लेट बडी साईज (6 प्लेट सेट बोन चायना) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 50 | कटोरी मिडियम साईज (6 कटोरी सेट बोन चायना) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 51 | प्लेट छोटी साईज (6 प्लेट सेट मेलामाइन) सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 52 | प्लेट मिडियम साईज (6 प्लेट सेट मेलामाइन ) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 53 | प्लेट बडी साईज (6 प्लेट सेट मेलामांइन ) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 54 | कटोरी मिडियम साईज (6 कटोरी सेट मेलामाइन ) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 55 | कटोरी मिडियम साईज (6 कटोरी सेट काॅच ) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 56 | प्लेट छोटी साईज (6 प्लेट सेट मेलामाइन ) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 57 | चम्मच SS मिडियम साईज (12 चम्मच सेट) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 58 | फा॑क SS मिडियम साईज (12 फा॑क सेट) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 59 | सर्विस ट्रे छोटी (मेलामाइन) सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 60 | सर्विस ट्रे मिडियम (मेलामाइन) सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 61 | सर्विस ट्रे बड़ी (मेलामाइन) सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 62 | 1.5 किलो स्टोरेज प्लास्टिक एयर टाईट डिब्बे | प्रति नग | |
| 63 | टी-कोस्टर (6 नग सेट) सुपर क्वालिटी | प्रति सेट | |
| 64 | रिमोट डोर बेल कार्डलेस ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 65 | रिमोट डोर बेल इलेक्ट्रीक ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 66 | एल.ई.डी. ट्यूब लाईट 36W कम्पलिट ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 67 | एल.ई.डी. बल्ब 9W ब्राडेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 68 | एल.ई.डी. चार्जेबल बल्ब 9W ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 69 | टी-केटल 1.7 लीटर ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नग | |
| 70 | आ॑फिसल दिवार घड़ी (मिडियम साईज) ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति नगं | |
| 71 | दूध पावडर 1 किलो ग्राम पैकेट ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति पैकेट | |
| 72 | शंक्कर 1 किलो ग्राम पैकेट ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति पैकेट | |
| 73 | टी-बेग पैकेट (100 बेग प्रति पैकेट में) ब्रा॑डेड सुपर क्वालिटी | प्रति पैकेट | |
| 74 | शुगर क्यूब 500 ग्राम प्रति पैकेट में | प्रति पैकेट | |
| 75 | का॑फी 100 ग्राम पैकेट (50 पाउच x 2 ग्राम प्रति पाउच) | प्रति पैकेट | |
| 76 | ग्रीन-टी बेग पैकेट (25 टी बेग प्रति पैकेट) | प्रति पैकेट | |
| 77 | काहावा ( 36 बेग x 2.5 ग्रा. प्रति बेग) | प्रति पैकेट | |
| 78 | प्लास्टिक गार्डन पाईप 1 इंच सुपर क्वालिटी (100 फिट बण्डल) | प्रति बण्डल | |
| 79 | प्लास्टिक गार्डन पाईप 3/4 इंच सुपर क्वालिटी | प्रति बण्डल | |
| 80 | प्लास्टिक गार्डन पाईप 1/2 इंच सुपर क्वालिटी | प्रति बण्डल | |
| 81 | फावड़ा लोहे के हेण्डल वाला | प्रति नग | |
| 82 | खुरपी लोहे की | प्रति नग | |
| 83 | गुलाब कटर | प्रति नग | |
| 84 | लोहे की घास कटर तलवार (लकड़ी के हत्थे वाली) | प्रति नग | |
| 85 | बागड़ काटने की कैंची (लकड़ी के हत्थे वाली) | प्रति नग | |
| 86 | गेंती (लकड़ी के हत्थे वाली) | प्रति नग | |
| 87 | तगारी प्लास्टिक | प्रति नग | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 88 | तगारी लोहे की | प्रति नग | |
| 89 | लोहे की कुल्हाड़ी (लकड़ी के हत्थे वाली) | प्रति नग | |
| 90 | लोहे की दराती (लकड़ी के हत्थे वाली) | प्रति नग | |
| 91 | आॅफिसर कक्ष में उपयोगार्थ सफेद रूवेदार (टरकिस) टाॅवेल सुपर क्वालिटी (साईज 30 x 60 Inch ) | प्रति नग | |
| 92 | आॅफिसर कक्ष में उपयोगार्थ रंगीन रूवेदार (टरकिस) टाॅवेल सुपर क्वालिटी (साईज 30 x 60 Inch ) | प्रति नग | |
| 93 | आॅफिसर कक्ष में उपयोगार्थ सफेद रूवेदार (टरकिस) नेपकिन सुपर क्वालिटी (साईज 15 x 23 Inch ) | प्रति नग | |
| 94 | आॅफिसर कक्ष में उपयोगार्थ रंगीन रूवेदार (टरकिस) नेपकिन सुपर क्वालिटी (साईज 15 x 23 Inch) | प्रति नग | |
| 95 | कार्यालयीन कक्षों हेतु रंगीन पोलिस्टर पर्दे सुपर क्वालिटी (फ्री साईज) | प्रति नग | |

मेरे द्वारा उपरोक्त दरें समस्त कर/प्रभार/ जी.एस.टी./भाडा सहित व अन्य चार्जेस एवं FOC सहित भरी गई है।

निविदाकर्ता के हस्ताक्ष

दिनांक: ..........................                    नाम: ......................................................

स्थान: .. ........................                    पदमुद्रा:..................................................

नोट-

1 वित्तीय निविदा निर्धारित BOQ में मान्य की जावेगी। पृथक-पृथक सामग्री हेतु पृथक-पृथक निविदाकार की दर एल-1 होने पर एक से अधिक निविदाकार से अनुबंध किया जा सकेगा।

2 उपरोक्त उल्लेखानुसार प्रति नग, प्रति पैकट, प्रति किलो, प्रति लीटर, प्रति सेट आदि जो भी अंकित है अनुसार दर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

स्थान - ......................

दिनांक - ......................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

नाम: ..............................................

पदनाम: ..........................................

पदमुद्रा: ..........................................